THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI M.M. JACOB) : (a) No, Sir.

(b) Does not arise.

Ban on lotteries

2155. MISS SAROJ KHAPARDE : Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state :

(a) whether the Chief Minister of Madhya Pradesh has urged the Central Government to ban lotteries all over the country, as appeared in the newsitem under the caption "Patwa seeks ban on Lotteries", which appeared in the Hindustan Times dated the 5th July, 1992 ; and

(b) if so, what steps Government propose to take in the matter ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI M.M. JACOB) : (a) No proposal to ban lotteries all over the country has been received from the Government of Madhya Pradesh.

(b) In view of (a) above, does not arise.

असम में मध्य प्रदेश वाहिनी की तैनाती के लिए प्रतिपूर्ति धनराशि का लम्बित पड़ा होना

2156. **श्री कैलाश नारायण सारंग** : क्या **गृह** मंत्री 4 मार्च, 1992 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न 1026 के दिये गये उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) असम में मध्य प्रदेश वाहिनी के तैनात किये जाने के कारण प्रतिपूर्ति की कितनी धनराशि लम्बित पड़ी है ; और

(ख) प्रतिपूर्ति की राशि के शीघ्र भुगतान कराने के लिए केन्द्रीय सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की जा रही है ?

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री और गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम० एम० जैकब) : (क) मध्य प्रदेश सरकार द्वारा केन्द्रीय सरकार को उपलब्ध कराई गई सूचना के अनुसार एम.पी. एस० ए० एफ० की तैनाती के लिए 31.3.91 की स्थिति के अनुसार 22,15,65,093.40 रु. की वसूली देय है।

(ख) विद्यमान आदेशों के अनुसार यह असम राज्य सरकार की जिम्मेदारी है कि वह मध्य प्रदेश सरकार को एम.पी.एस.ए.एफ. की तैनाती के लिए भुगतान करे। गृह मंत्रालय ने समय-समय पर असम सरकार पर इस बात के लिए दबाव डाला है कि वह असम राज्य में मध्य प्रदेश सरकार के बल की तैनाती के लिए देय राशि का मध्य प्रदेश सरकार को समय पर भुगतान करे।

मध्य प्रदेश के पुलिस कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जाना

2157. **श्री कैलाश नारायण सारंग** : क्या **गृह** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मध्य प्रदेश सरकार ने केन्द्रीय सरकार से राज्य पुलिस बल के कर्मियों को विभिन्न केन्द्रीय पुलिस संगठनों में प्रशिक्षण सुविधाएं प्रदान करने का अनुरोध किया है ; और

(ख) यदि हां, तो अब तक कितने पुलिस कर्मियों को प्रशिक्षित किया जा चुका है ?

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री और गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम. एम. जैकब) : (क) जी, हां, श्रीमान।